cologuard®
by EXACT SCIENCES

# आइए शुरू करें!

## आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा ऑर्डर की गई Cologuard® कलेक्शन किट के उपयोग के तरीके की एक संक्षिप्त गाइड

**आपकी किट रास्ते में है। और विस्तृत निर्देशों के लिए, जब आपकी Cologuard किट आप तक पहुँच जाए तो कृपया उसके भीतर रखी रोगी गाइड पढ़ें**

देखें
उपयोग के तरीके का वीडियो
Cologuard.com/use पर

कॉल करें
1-844-870-8870

लाइव चैट
Cologuard.com पर

# किट में क्या है



शिपिंग बॉक्स




रोगी गाइड




अपनी किट वापस कैसे भेजें



लेबल



लिक्विड प्रिज़रवेटिव



ट्यूब और प्रोब



कलेक्शन कंटेनर



ब्रैकेट

### उपयोग के लिए निर्देश

Cologuard® बड़ी आँत और मलाशय के निओप्लेज़िया (ट्यूमर) से जुड़े DNA मार्कर्स के होने या न होने का पता लगाने और मानव मल में दिखाई न देने वाले हीमोग्लोबिन की उपस्थिति का पता लगाने के लिए है। पॉज़िटिव परिणाम बड़ी आँत व मलाशय के कैंसर (कोलोरेक्टल कैंसर, CRC) या एडवांस्ड एडेनोमा (AA) के होने का संकेत हो सकता है और परिणाम पॉज़िटिव आने पर कोलोनॉस्कोपी की जानी चाहिए। Cologuard 45 वर्ष या इससे अधिक आयु के पुरुषों व महिलाओं की जाँच के लिए है जिनमें CRC का औसत जोखिम है। Cologuard अधिक जोखिम वाले व्यक्तियों में डाइग्नोस्टिक कोलोनॉस्कोपी या सर्वेलंस कोलोनॉस्कोपी का विकल्प नहीं है।

### उपयोग-निषेध

Cologuard 45 वर्ष और इससे अधिक आयु के ऐसे रोगियों के साथ उपयोग के लिए है जिनमें CRC का औसत जोखिम है और जो CRC की जाँच के आदर्श उम्मीदवार हैं। निम्नलिखित प्रकार के रोगियों के लिए Cologuard का क्लिनिकल मूल्यांकन नहीं हुआ है:

- बड़ी आँत व मलाशय के कैंसर, एडेनोमा, या अन्य संबंधित कैंसरों के इतिहास वाले रोगी।
- ऐसे रोगी जिनकी पिछले 6 माह में बड़ी आँत व मलाशय के कैंसर की किसी अन्य जाँच में पॉज़िटिव परिणाम आया था।
- ऐसे रोगी जिनमें किसी ऐसी स्थिति के होने की पहचान हुई है जिसके साथ बड़ी आँत व मलाशय के कैंसर का अधिक जोखिम जुड़ा होता है। उनमें निम्नलिखित स्थितियाँ शामिल हैं पर वे इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:
  - इन्फ़्लमेटरी बॉवेल डिसीज़ (IBD)
  - क्रोनिक अल्सरेटिव कोलाइटिस (CUC)
  - क्रोन्स डिसीज़
  - फ़ैमिलियल एडेनोमेटस पॉलिपोसिस (FAP)
  - परिवार में बड़ी आँत व मलाशय के कैंसर का इतिहास
- ऐसे रोगी जिनमें किसी संबंधित पारिवारिक (वंशानुगत) कैंसर सिंड्रोम के होने की पहचान हुई है; ऐसे सिंड्रोम में शामिल हैं हिरेडिटरी नॉनपॉलिपोसिस कोलोरेक्टल कैंसर (HNPCC या लिंच सिंड्रोम), पट्ज़-जेगर्स सिंड्रोम, MYH-एसोसिएटेड पॉलिपोसिस (MAP), गार्डनर्स सिंड्रोम, टरकॉट्स (या क्रेल्स) सिंड्रोम, काउडन सिंड्रोम, जुवेनाइल पॉलिपोसिस, क्रोनकईट-कैनेडा सिंड्रोम, न्यूरोफ़ाइब्रोमटोसिस, या फ़ैमिलियल हायपरप्लास्टिक पॉलिपोसिस।

### चेतावनियाँ और सावधानियाँ

- Cologuard का प्रदर्शन एक क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन में (यानी, समय के एक अकेले बिंदु पर) सिद्ध हो चुका है। Cologuard के कार्यक्रमी प्रदर्शन (यानी, एक तय समयावधि के दौरान बार-बार परीक्षण करके लाभों और जोखिमों के निर्धारण) का अध्ययन नहीं हुआ है। ऐसे वयस्कों में प्रदर्शन का मूल्यांकन नहीं हुआ है जिनका पूर्व में Cologuard से परीक्षण किया जा चुका है। CRC और AA की अन्य अनुशंसित जाँच विधियों की तुलना में Cologuard का निम्नतर न होना या श्रेष्ठतर होना सिद्ध नहीं हुआ है।
- क्लिनिकल प्रमाणन अध्ययन 50 वर्ष और इससे अधिक आयु के रोगियों में किया गया था। ACS दिशानिर्देश 45 वर्ष की आयु से जाँच की शुरुआत की अनुशंसा करते हैं। 45 से 49 वर्ष के रोगियों में Cologuard के प्रदर्शन का आकलन समीपी-आयु वर्गों के उप-समूह विश्लेषण द्वारा किया गया था।
- CRC जाँच दिशानिर्देशों की अनुशंसाएँ 75 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए अलग-अलग हैं। 75 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की जाँच का निर्णय, किसी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से परामर्श के साथ व्यक्तिगत आधार पर किया जाना चाहिए। अधिक आयु वाले रोगियों में Cologuard परीक्षण के परिणामों की व्याख्या में सावधानी आवश्यक है क्योंकि आयु के साथ फ़ॉल्स पॉज़िटिव परिणामों (नेगेटिव होने के बावजूद पॉज़िटिव परिणाम) की दर बढ़ती जाती है।
- Cologuard परीक्षण का परिणाम नेगेटिव आना, कैंसर या एडवांस्ड एडेनोमा की अनुपस्थिति की गारंटी नहीं है। जिन रोगियों के Cologuard परीक्षण परिणाम नेगेटिव आए हैं उन्हें किसी अन्य अनुशंसित जाँच विधि वाले किसी कोलोरेक्टल (बड़ी आँत व मलाशय) कैंसर जाँच कार्यक्रम में सहभागिता जारी रखने की सलाह दी जानी चाहिए। इस फ़ॉलो-अप के लिए जाँच अंतराल का निर्धारण नहीं हुआ है।
- Cologuard फ़ॉल्स नेगेटिव या फ़ॉल्स पॉज़िटिव परिणाम दे सकता है। फ़ॉल्स पॉज़िटिव परिणाम तब होता है जब Cologuard से पॉज़िटिव परिणाम मिले पर कोलोनॉस्कोपी में कैंसर या कैंसर-पूर्व पॉलिप (असामान्य वृद्धि) न मिले। फ़ॉल्स नेगेटिव परिणाम तब होता है जब Cologuard कैंसर-पूर्व पॉलिप या कोलोरेक्टल (बड़ी आँत व मलाशय) कैंसर का पता न लगा पाए, जबकि कोलोनॉस्कोपी में पॉज़िटिव परिणाम की पहचान हो।
- यदि रोगी को दस्त हों या उसके मल या मूत्र में खून आ रहा हो (जैसे, खूनी बवासीर से, उनके हाथों पर कटने या अन्य घावों से, मलाशय से, या मासिक धर्म से) तो ऐसे रोगी को Cologuard के लिए नमूना नहीं देना चाहिए)।
- नमूने की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए, रोगी के नमूने के एकत्रण से 96 घंटों के भीतर नमूना प्रयोगशाला को मिल जाना चाहिए। रोगियों को अपने मल के नमूने, Cologuard रोगी गाइड में लिखे निर्देशों के अनुसार प्रयोगशाला को भेजने चाहिए।
- रोगियों को Cologuard रोगी गाइड में लिखी सावधानियों के बारे में बताया जाना चाहिए। रोगियों को प्रिज़रवेटिव लिक्विड नहीं पीना चाहिए।
- Cologuard कलेक्शन किट के उपयोग से जुड़े जोखिम बहुत कम हैं, और एक क्लिनिकल परीक्षण में कोई भी प्रतिकूल घटना सूचित नहीं हुई है। रोगियों को हथेली में खिंचाव/ऐंठन के जोखिम से बचने के लिए ढक्कन खोलते व बंद करते समय सावधान रहना चाहिए। Rx only।

cologuard®
by EXACT SCIENCES

निर्माता:

EXACT SCIENCES CORPORATION
5505 Endeavor Lane, Madison, WI 53719
ExactSciences.com | ExactLabs.com
1-844-870-8870

Cologuard, Exact Sciences Corporation का एक पंजीकृत ट्रेडमार्क है। अन्य सभी ट्रेडमार्क उनके संबंधित स्वामियों की संपत्ति हैं।
© 2023 Exact Sciences Corporation.
सभी अधिकार सुरक्षित। LBL10901rev1
HI

IVD

cologuard®
by EXACT SCIENCES


**देखें**
उपयोग के तरीके का वीडियो
Cologuard.com/use पर

**कॉल करें**
1-844-870-8870

**लाइव चैट**
Cologuard.com पर

## अपनी कलेक्शन किट तैयार करें

### 1



- पिछला पेज देखें, उस पर किट के हिस्सों के चित्र हैं। सारे हिस्सों को बाहर निकाल लें, सिवाय प्लास्टिक बैग और सफ़ेद ट्रे के जो किट में सबसे नीचे रखे हैं

सुझाव:

अपने मल का नमूना लेने के लिए तब तक रुकें जब तक रोग से हुए दस्त खत्म न हो जाएँ और आपके मूत्र या मल में खून (जैसे, बवासीर से या मासिक धर्म से) आना रुक न जाए

यदि आपको अनपेक्षित रूप से खून आए तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें

### 2



- ब्रैकेट लगाने से पहले अपना मूत्राशय खाली कर लें
- ब्रैकेट को टॉयलेट बोल पर सीट के नीचे रखें

### 3



- टॉयलेट सीट को नीचे लाएँ
- कलेक्शन कंटेनर के ढक्कन को नीचे दबाते हुए घड़ी की उल्टी दिशा में घुमाकर खोलें
- खुल जाने पर, कंटेनर को ब्रैकेट में रखें

## अपने मल का नमूना लें

### 4



- टॉयलेट सीट पर बैठें और कंटेनर में मल त्यागें


सुझाव:

आपके मल का नमूना आदर्श हो ऐसा ज़रूरी नहीं है, उसे बस आपके अनुसार सामान्य होना चाहिए

आपके मल का नमूना, लिक्विड प्रिज़रवेटिव बॉटल से बड़ा नहीं होना चाहिए


यदि कंटेनर में थोड़ा मूत्र भी आ जाए तो कोई बात नहीं

### 5



- प्रोब को घुमाकर ट्यूब से अलग करें। प्रोब से अपने मल के नमूने को खुरचें
- प्रोब के सिरे पर मौजूद खाँचों को मल से पूरी तरह ढक दें
- प्रोब को ट्यूब में रखकर उस पर ढक्कन कसकर बंद कर दें

### 6




- बॉटल में भरा लिक्विड प्रिज़रवेटिव कंटेनर में उड़ेल दें
- ढक्कन वापस कंटेनर पर कसकर बंद कर दें

सुझाव:

यदि मल का नमूना प्रिज़रवेटिव से पूरी तरह ढक न पाए तो भी कोई बात नहीं


## अपनी कलेक्शन किट भेजें

### 7



- दोनों लेबल भरें
- एक लेबल कंटेनर के ढक्कन पर और दूसरा ट्यूब पर लगाएँ

### 8



- कंटेनर और ट्यूब को ओरिजिनल शिपिंग बॉक्स के भीतर सफ़ेद ट्रे में वापस रखें, और बाकी सारी चीज़ें फेंक दें
- बैग के ऊपरी किनारे पर मौजूद ज़िपर बंद करके बैग को बंद कर दें
- साथ में दी गई चिपक-पट्टी को बॉक्स के फ़्लैप पर चिपकाकर बॉक्स को सील कर दें
- सबसे ऊपर वाला शिपिंग लेबल हटाएँ जिससे वापसी का शिपिंग लेबल दिखने लगेगा

आपका काम पूरा हुआ। अब आप बॉक्स शिप करने को तैयार हैं!

### 9




- अपनी किट कलेक्शन वाले दिन या उससे अगले दिन वापस UPS® को भेज दें

वापसी के विकल्प:

1. UPS पिकअप शेड्यूल करें:
   - Cologuard.com/UPS पर ऑनलाइन शेड्यूल करें
   - सहायता के लिए 1-844-870-8870 पर कॉल करें
2. UPS के यहाँ छोड़कर आएँ

- Cologuard.com/result पर अपने परिणाम ऑनलाइन देखने के लिए साइन-अप करें। परिणाम 2 सप्ताह के भीतर आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को भेज दिए जाते हैं।